**दिनांक- 08.01.2026 को प्रबंध निदेशक वेजफेड, की अध्यक्षता में मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा अंतर्गत PVCS के अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं संघ के अध्यक्ष के साथ Google Meet के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही :-**

**01.आधारभूत संरचना निर्माण की समीक्षा** – मिथिला सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि संघ अंतर्गत कुल 16 PVCS में आधारभूत संरचना निर्माण की योजना स्वीकृत है |14 PVCS में निर्माण कार्य प्रारंभ है|

**सिंघवाडा PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण के क्रम में सोलिंग एवं एस्बेस्टस /शेड लगाने का कार्य चल रहा है | एक सप्ताह में सोलिंग ढलाई हो जायेगा तथा इस माह के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

**घनश्यामपुर PVCS** :- संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कार्यालय, गार्ड रूम, कोल्ड रूम, सोलिंग का कार्य पूर्ण है तथा जनवरी माह में सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है |

**किरतपुर PVCS** :- PVCS के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 04.11.2025 को राशि मिली है उसके बाद निर्वाचन के कारण कार्य में बिलम्ब हो गया | बाउंड्री एवं सैफ्टी टैंक निर्माण का कार्य चल रहा है | राशि खर्च होने के बाद MB बुक करा कर राशि की माँग की जाएगी |

**गौड़ा बोरम PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण हेतु ले आउट हो चुका है | राशि अभी नहीं मिली है |

**विस्फी PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण में तीन तरफ से बाउंड्री का कार्य एवं शौचालय निर्माण का कार्य कराया जा रहा है | अभियंता द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है | संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि नए अभियंता आये है वे योजना के बारे में अध्ययन कर रहे है | उनसे समन्वय स्थापित कर कार्य कराया जायेगा | निदेश दिया गया कि उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभयन्ता को योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करेंगे |

**झंझारपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है एक-दो दिन में कार्य शुरू करा दिया जायेगा | निदेश दिया गया कि HR एजेंसी द्वारा उपलबध कराये गए सहायक प्रबंध से कार्य कराएँ |

**शंकरपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण का कार्य पूर्ण है |

**मधेपुरा PVCS:-** संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य हो रहा है | प्रथम क़िस्त की राशि का MB बुक हो गया है द्वितीय क़िस्त की राशि की माँग की गयी है |

**बिहारीगंज PVCS:-** बताया गया कि कार्यालय एवं गार्ड रूम का छत ढलाई का कार्य किया जा रहा है | गोदाम निर्माण हेतु लोहा आदि की खरीद की जा रही है | फ़रवरी माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

**मुरलीगंज PVCS:-** सहायक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि बाउंड्री हो गया है | कार्यालय, गार्ड रूम का ढलाई बाकी है | कार्यों में गति लाने का निदेश दिया गया |

Sd/-

आलमनगर **PVCS**:- बताया गया कि बाउंड्री हो गया है कल से कार्यालय निर्माण का कार्य शुरू कराया जायेगा |

**महिषी PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मिट्टी का कार्य हो गया है कल से बाउंड्री का कार्य शुरू कराया जायेगा | पानी भरे रहने के कारण कार्य में बिलम्ब हुआ है |

**त्रिवेणीगंज PVCS:-** अध्यक्ष एवं सहायक प्रबंधक उपस्थित | बताया गया कि कार्यालय का प्लास्टर हो रहा है | गार्ड रूम, बाउंड्री का निर्माण हो गया है शेष के निर्माण हेतु ले आउट हो रहा है | 31 जनवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने की बात कही गयी |

**पिपरा PVCS:-** बताया गया कि दिसंबर माह में राशि प्राप्त हुयी है | बाउंड्री का निर्माण कराया जा रहा है |

**अंधराढाढ़ी PVCS:-**अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि राशि खर्च हो गयी है MB बुक कराना है ताकि राशि की माँग की जा सके | उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियंता द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है | निदेश दिया गया कि जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से जिला पदाधिकारी महोदय से इस सम्बन्ध में बात कर समस्या का समाधान कराया जाय |

निदेश दिया गया कि ससमय सभी स्वीकृत PVCS में आधारभूत संरचना निर्माण का कार्य पूर्ण कराया जाय |

**<u>02.प्याज भण्डारण निर्माण की योजना</u>** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत 05 PVCS में योजना स्वीकृत है जिसमे से 04 में भूमि उपलब्ध है, 04 में ले आउट तथा 03 में निर्माण कार्य प्रारंभ है | संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शेष PVCS हेतु जल्द भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा |

**शंकरपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि प्याज भंडारण हेतु गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है | MB फाइनल किया जा रहा है |

**केवटी PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि पिलर ढलाई का कार्य कराया जा रहा है |

निदेश दिया गया कि योजना छोटी है जनवरी माह में इसे सभी स्वीकृत PVCS में पूर्ण करा लिया जाय |

**<u>03.तरकारी आउटलेट निर्माण की समीक्षा</u>** – संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 06 PVCS में योजना हेतु भूमि उपलब्ध करायी गयी है 05 में निर्माण कार्य प्रारंभ है |

**पिपरा PVCS :-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मिट्टी भराई, सोलिंग कराकर प्लिंथ तक का कार्य करा लिया गया है |

**शंकरपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य कराया जा रहा है | प्रथम क़िस्त की राशि खर्च की जा चुकी है |

निदेश दिया गया कि ससमय उक्त योजना को पूर्ण करा लिया जाय |

**<u>04.बुनियादी उपकरण उपलब्ध करने की योजना</u>**- संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 58 PVCS हेतु राशि प्राप्त हुयी है जल्द ही इन PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय करा लिया जायेगा | निदेश दिया गया कि यथा शीघ्र चयनित PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय करा लिया जाय एवं क्रय से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |

Sony

**महिषी PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कल ही उपस्कर की खरीद की गयी है | निदेश दिया गया कि क्रय किये गए सभी सामग्री की प्रविष्टि मृत स्कन्द पंजी में करा लिया जाय |

सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी को निदेश दिया गया कि PVCS में बुनियादी उपकरण क्रय होने के बाद उसका भौतिक सत्यापन कर सत्यापन प्रतिवेदन सब्जी संघ को उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगें |

**05.प्लास्टिक कैरेट क्रय की योजना-** संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कैरेट क्रय हेतु 75% राशि प्राप्त हुयी है | अभी निविदा नहीं की गयी है | निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र निविदा कर नियमानुसार प्लास्टिक कैरेट क्रय करते हुए क्रय प्रतिवेदन वेजफेड को उपलध कराया जाय |

**06.PVCS में जन जागरूकता / सदस्यता वृद्धि अभियान की समीक्षा-** इस सम्बन्ध में बताया गया कि योजना का लाभ लेने हेतु PVCS में 200 सदस्य एवं प्रति माह 20 MT व्यवसाय आवश्यक है | परन्तु PVCS में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत प्रतिदिन 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखें | इस हेतु PVCS में बैनर-पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार करावें एवं प्रतिदिन चौपाल लगाकर किसानों को योजनओं की जानकारी देकर उन्हें PVCS से जोड़ें | PVCS में व्यवसाय बढ़ाने तथा क्रय-विक्रय एवं जन जागरूकता अभियान से सम्बंधित गतिविधियों का फोटो/विडियो व्हाट्स एप्प ग्रुप पर साझा करने का निदेश दिया गया | साथ ही वेजफेड के ज्ञापांक 07.01.2026 द्वारा PVCS में जन जागरूकता अभियान हेतु दिए गए निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करने का भी निदेश सभी PVCS को दिया गया |

**घनश्यामपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया 07 किसानों को PVCS का सदस्य बनाया गया है |
**किरतपुर PVCS:-** बताया गया कि 03 सदस्य बनाया गया है |
**शंकरपुर PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 22 किसानों से सदस्यता हेतु आवेदन प्राप्त किया गया है |
**पिपरा PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सदस्यता हेतु 25 किसानों से आवेदन प्राप्त हुआ है तीन-चार दिन में इसे ERP पर अपलोड करा दिया जायेगा |
**गौड़ा बोरम PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा इस माह में 500 सदस्य बनाने की बात कही गयी |
**बेनीपट्टी PVCS:-** बताया गया कि 32 किसानों को सदस्य बनाया गया है |

**07.प्रशिक्षण** -किसानवार प्रशिक्षण का कैलेण्डर उपलब्ध कराने की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ से उक्त प्रतिवेदन अप्राप्त है | निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र किसानों के प्रशिक्षण से सम्बन्धी कैलेण्डर वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |

**08.मानव संसाधन उपलब्धता की समीक्षा-** समीक्षा के क्रम में HR एजेंसी द्वारा PVCS स्तर पर उपलब्ध कराये गए से कर्मियों की अनुपस्थिति विवरणी हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ सब्जी संघ को उपलब्ध कराने का निदेश सभी PVCS को दिया गया | जिन PVCS में HR एजेंसी द्वारा कर्मी उपलब्ध नहीं कराया गया है संघ द्वारा वैसे

Sanj

PVCS की सूची बनाकर सम्बंधित एजेंसी से कर्मी की माँग की जाय तथा उसकी सुचना वेजफेड को भी उपलब्ध करायी जाय।

साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि संघ अयोग्य कर्मियों की सूची PVCS से प्राप्त कर सम्बंधित एजेंसी को भेजें ताकि सम्बंधित एजेंसी उसकी जगह कार्यसक्षम कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित कर सके।

**09.** संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अक्सर यह देखा गया है कि समितियों को किसी वित्तीय संस्थानों से आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु उनके अंकेक्षण प्रतिवेदन में अंकित उच्चतर ग्रेड को देखकर उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मिथिला संघ अंतर्गत अधिकांश PVCS के अंकेक्षण का मानक C ग्रेड का है जिसे उच्चतर ग्रेड B या A प्राप्त करने हेतु वेजफेड द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस विषय बिंदु पर अलग से सभी सहायक प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं PVCS के अध्यक्ष को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाय कि किस प्रकार समिति उच्चतर ग्रेड प्राप्त कर सके।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार, पटना।

ज्ञापांक 57 दिनांक 12/01/2026

प्रतिलिपि:-1.अपर सचिव, सहकारिता विभाग,बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

2.सचिव, सहकारिता विभाग, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

3.मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी , मिथिला सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,मिथिला सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5.अध्यक्ष ,मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु सभी PVCS अध्यक्ष से समन्वय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

6. राज्य प्रबंधक (IT& MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।

7.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार ,पटना।